राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–226/2023

राज्यपाल ने डॉ० बिन्देश्वर पाठक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 15 अगस्त 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ० बिन्देश्वर पाठक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि बिहार के वैशाली जिला के निवासी डॉ० पाठक ने देश में स्वच्छता अभियान को गति प्रदान की। उन्होंने आमजन को स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने में अविस्मरणीय पहल की। उन्हें पद्मविभूषण सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। स्वच्छता एवं सामाजिक कार्यों के प्रति उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....